The ACHIEVERS IAS ACADEMY


# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

14 - 11– 2022

MONDAY



### 1. कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा ब्रिटेन का वेस्ट मिडलैंड्स



11 नवंबर (भाषा) विश्व कबड्डी महासंघ (डब्ल्यूकेएफ) के तत्वाधान में खेले जाने वाले 2025 कबड्डी विश्व कप की मेजबानी ब्रिटेन का वेस्ट मिडलैंड्स करेगा।कबड्डी विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम का दबदबा रहा है जिसने 10 में से नौ बार विश्व कप का खिताब जीता है। इन सभी विश्व कप का आयोजन अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) के तत्वावधान में हुआ था और इसे एशियाई सरजमीं पर खेला गया था। कि कबड्डी विश्व कप एशिया के बाहर आयोजित किया जाएगा। इंग्लैंड कबड्डी, स्कॉटिश कबड्डी और ब्रिटिश कबड्डी लीग द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में भारत, ईरान और पाकिस्तान सहित कम से कम 16 टीमें (पुरुष और महिलाएं) शामिल होंगी । इसका आयोजन 2025 की पहली तिमाही के दौरान होगा। डब्ल्यूकेएफ और इंग्लैंड कबड्डी के अध्यक्ष अशोक दास ने कहा, '' ब्रिटेन के वेस्ट मिडलैंड्स को 2025 कबड्डी विश्व कप की मेजबानी सौंपने का फैसला किया गया है । यह इस खेल के यूरोप और वैश्विक विकास तथा विस्तार के मामले में अहम कदम है।'

### 2. पी.वी. सिंधु ने फिट इंडिया स्कूल सप्ताह के शुभंकर तूफान और तूफानी का किया शुभारंभ




डबल ओलंपिक पदक विजेता, पीवी सिंधु ने वर्ष 2022 के लिए फिट इंडिया मूवमेंट की फिट इंडिया स्कूल वीक पहल के लिए शुभंकर "तूफान और तूफानी" लॉन्च किया है। फिट इंडिया स्कूल वीक का चौथा संस्करण 15 नवंबर 2022 को शुरू होगा जिसमें एक महीने के लिए भारत भर के विभिन्न स्कूल 4 से 6 दिनों तक विभिन्न रूपों में फिटनेस और खेल का जश्न मनाएंगे और स्कूल बिरादरी के बीच इसके महत्व की पुष्टि करेंगे।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में फिट इंडिया अभियान को लॉन्च किया था और इसी वर्ष दिसंबर में अभियान के वार्षिक कार्यक्रम, 'फिट इंडिया स्कूल सप्ताह' की शुरुआत हुई थी, जो स्कूलों में फिटनेस की आदतों को विकसित करने तथा छात्रों के बीच फिटनेस और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। पिछले तीन कार्यक्रम, छात्रों के बीच बहुत सफल रहे हैं। इस पहल को युवा पीढ़ी के बीच और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए, इस बार इस प्रमुख कार्यक्रम में "तूफान और तूफानी" नाम के दो शुभंकरों को जोड़ा गया है, जिसमें दोनों भारत के सबसे योग्य सुपरहीरो और सुपरवुमन का प्रतिनिधित्व करते हैं।शुभंकरों के खेलों से अधिक जुड़ाव के लिए, उन्हें हवा के रूप में तेज दौड़ने (एथलेटिक्स), कार उठाने (भारोत्तोलन) और ध्यान केन्द्रित करने के कौशल (शतरंज) जैसी महाशक्तियां दी गई हैं। वे खेल और फिटनेस के बारे में विभिन्न कहानियां सुनाकर लोगों के साथ जुड़ते हैं और इस तरह उन्हें प्रेरित, शिक्षित और प्रोत्साहित करते हैं। चौथा फिट इंडिया स्कूल सप्ताह 15 नवंबर 2022 को शुरू होगा, जिसमें एक महीने के दौरान भारत भर के विभिन्न स्कूल 4 से 6 दिनों के लिए विभिन्न रूपों में फिटनेस और खेल समारोह आयोजित करेंगे और शिक्षक – छात्र समुदाय के बीच इसके महत्व की पुष्टि करेंगे।

### 3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'ई-कुंभ' पोर्टल किया लॉन्च



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश से 2025 तक क्षयरोग (टीबी) के उन्मूलन के मिशन को नौ सितंबर से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के रूप में डिजिटल तरीके से शुरू करेंगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक आधिकारिक वक्तव्य में कहा कि यह अभियान रोगी केंद्रित स्वास्थ्य प्रणाली के लिए सामुदायिक सहयोग जुटाने की दिशा में एक कदम है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2018 में 'दिल्ली एंड टीबी समिट' में देश में क्षयरोग का उन्मूलन सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के तहत निर्धारित 2030 के लक्ष्य से पांच साल पहले करने का आह्वान किया था। राष्ट्रपति मुर्मू निक्षय मित्र पहल भी शुरू करेंगी जो इस अभियान का अहम हिस्सा होगी। निक्षय मित्र पोर्टल दानदाताओं को टीबी का उपचार करा रहे लोगों के लिए अनेक तरह की मदद देने का मंच प्रदान करता है।तीन स्तरीय सहयोग में पोषाहार, अतिरिक्त निदान और वाणिज्यिक समर्थन है। इन दानदाताओं को ही निक्षय मित्र कहा जाएगा। इनमें जन प्रतिनिधि, राजनीतिक दल से लेकर कॉर्पोरेट, एनजीओ और आम लोग तक शामिल हो सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार, अन्य केंद्रीय मंत्रियों, राज्यपालों आदि की मौजूदगी में अभियान शुरू किया जाएगा। बयान के अनुसार प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान टीबी का उपचार करा रहे लोगों के समर्थन के लिए सभी सामुदायिक हितधारकों को साथ लाने तथा टीबी उन्मूलन की दिशा में देश की प्रगति को बढ़ाने के लिए शुरू किया जा रहा है।

### 4. भारतीय जैविक डेटा केंद्र का फरीदाबाद में किया गया उद्घाटन



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को जीवन विज्ञान आंकड़ों के लिए देश के पहले राष्ट्रीय भंडार का यहां अनावरण किया। यहां क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र में स्थापित 'इंडियन बायोलॉजिकल डेटा सेंटर' (आईबीडीसी) में चार 'पेटाबाइट आंकड़ों की भंडारण क्षमता है और त्वरित कंप्यूटिंग सुविधा 'ब्रह्म' भी यहीं है। सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, भुवनेश्वर में आपदा रिकवरी सेंटर (डीआरसी) की स्थापना की गई है। आईबीडीसी के कार्यकारी निदेशक प्रो सुधांशु व्रती ने कहा कि जीवन विज्ञान संबंधी आंकड़े अब तक यूरोप और अमेरिका में 'रिपॉजिटरी' में एकत्र किए जाते थे और देश के भीतर आंकड़े रखने की आवश्यकता महसूस की गई थी। सिंह ने कहा कि आईबीडीसी ने देश भर में 50 से अधिक शोध प्रयोगशालाओं में 2,08,055 प्रस्तुतियों से 200 अरब से अधिक 'बेस एकत्र किए हैं।

### 5. रिलायंस चेन्नई में भारत का पहला मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क बनाएगी



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (Reliance Industries Chairman Mukesh Ambani) ने बड़ी डील हासिल कर ली है. चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज देश का पहला मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क (Multimodal Logistics Park) बनाने जा रही है. इस अत्याधुनिक फ्रेट

हैंडलिंग फैसिलिटी में कई तरह के ट्रांसपोर्ट के एक्सेस होगा और इसे 3 चरणों में बनाया जाएगा. इस प्रोजेक्ट को रिलायंस इंडस्ट्रीज पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) के तहत बनाने जा रही हैं. इसकी कुल लागत करीब 1424 करोड़ रुपये होगी. इसमें करीब 783 करोड़ रुपये का निवेश रिलायंस करेगी. सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (Ministry of Road Transport and Highways) ने जानकारी देते हुए कहा कि इसका पहले चरण का काम 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है. साथ ही इसका कमर्शियल ऑपरेशन शुरू होगा. इस पार्क को 45 साल के कंसेशन पीरियड के लिए दिया जाएगा. यह पार्क 184.25 एकड़ में बनाया जा रहा है. यह 71.7 लाख मीट्रिक टन कार्गो हैंडल करेगा. परिवहन मंत्रालय की पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान (PM Gati Shakti National Master Plan) के तहत पूरे देश में इस तरह के 35 पार्क बनाने की योजना है. इससे विभिन्न इकनॉमिक जोंस को मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा. मंत्रालय ने अगले 3 साल में 15 ऐसे पार्कों को अपनी सूची में रखा है. नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट (National Highways Logistics Management-NHLML) के चीफ एग्जीक्यूटिव प्रकाश गौड़ का कहना है कि अगला नंबर बैंगलुरू Maiden Multimodal Logistics Park- MMLP का है. इसके लिए दिसबंर तक बोली लगाई जानी है. इसका ठेका दिसंबर में होगा. गौड़ ने कहा कि नागपुर एमएमएलपी के लिए दिसंबर में बोली मंगाई जाएगी और इसका ठेका जनवरी 2023 में दिया जाएगा. इंदौर एमएमएलपी के लिए जनवरी में बोली मंगाई जाएगी और मार्च में ठेका दे दिया जाएगा. एनएचएलएचएल (NHLHL) एक स्पेशल पर्पज वीकल (SPV) है जिसे नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने लॉजिस्टिक्स पार्क्स विकसित करने के लिए बनाया है.

### 6. ग्रेग बार्कले दुबारा ICC के अध्यक्ष बने, जय शाह बने वित्त-वाणिज्यिक मामलों की समिति के प्रमुख



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) बोर्ड ने शनिवार को सर्वसम्मति से ग्रेग बार्कले को दोबारा अध्यक्ष के रूप में चुन लिया है। बार्कले को दूसरे दो साल के कार्यकाल के लिए स्वतंत्र अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया। जिम्बाब्वे के तवेंगवा मुकुहलानी के नाम वापस लेने से बार्कले को निर्विरोध चुना गया। ग्रेग बार्कले ऑकलैंड में कमर्शियल वकील हैं। बार्कले को नवंबर 2020 में ICC अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। वहीं, बीसीसीआइ सचिव जय शाह (Jay Shah) को आइसीसी की ताकतवार वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति का प्रमुख चुना गया।ग्रेग बार्कले हले न्यूजीलैंड क्रिकेट (NZC) के अध्यक्ष थे और ICC मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2015 के निदेशक भी रह चुके हैं। एक आधिकारिक प्रेस रिलीज में ग्रेग बार्कले ने उनकी फिर से नियुक्ति पर कहा, "अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना जाना एक सम्मान की बात है और मैं अपने साथी आईसीसी निदेशकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।" ग्रेग बार्कले ने आगे कहा, "पिछले दो वर्षों में हमने अपनी वैश्विक विकास रणनीति के लॉन्च के साथ महत्वपूर्ण प्रगति की है जो हमारे खेल के लिए एक सफल और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए स्पष्ट दिशा प्रदान करती है। मैं अपने सदस्यों के साथ मिलकर काम करना जारी रखना चाहता हूं।"

### 7. इंग्लैंड ने जीता आईसीसी टी20 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2022 का खिताब



ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में हुए रोमांच से भरे फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह दूसरी बार है जब इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप की ट्रॉफी हासिल की हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 8 विकेट खोकर 137 रन बनाए। पाकिस्तान द्वारा दिए गए लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 19.0 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाकर खिताब जीत लिया।इंग्लैंड की ओर से बेन स्टोक्स ने अपनी शानदार अर्धशतकीय पारी से टीम को जीत दिलाई। स्टोक्स ने 49 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 1 छक्का शामिल है। विजेता टीम के लिए पहले बल्लेबाजी करने आए कप्तान बटलर ने 17 गेंदों में 26 रन बनाए। जबकि हेल्स 1 रन बनाकर आउट हो गए । जिसके बाद साल्ट ने 10 और हैरी ब्रुक ने 20 रन बनाए। इसके अलावा मोईन 19 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में सबसे ज्यादा 3 विकेट सैम करन ने लिए, सैम के अलावा आदिल रासीद, क्रिस ने 2-2 और स्टोक्स ने 1 विकेट चटकाया।पाकिस्तान की ओर से पहले बल्लेबाजी करने आए सलामी बल्लेबाज रिजवान और कप्तान बाबर आज़म ने 47 रनों की साझेदारी की। जहां रिजवान ने 14 गेंदों में 15 रन बनाए, वहीं कप्तान बाबर 28 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हो गए। जिसके बाद मसूद और शादाब खान ने पारी को संभाला। मसूद ने 38 रन और शादाब ने 20 रन बनाकर योगदान दिया, लेकिन ट्रॉफी हासिल न कर सके। बता दें इंग्लैंड ने 12 साल बाद टी20 विश्व कप का यह खिताब जीता हैं। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी।

## 8. 41वाँ भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला आज से नई दिल्ली में होगा शुरू




दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर के बीच 41वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 शुरू हो गया है. व्यापार मेले का समय सुबह 10 से शाम साढ़े सात बजे तक है. कोरोना महामारी की वजह से 2 साल बाद इस मेले को लेकर आयोजकों के साथ-साथ आम लोगों में भी खासा उत्साह है. व्यापार मेले में गेट संख्या 10 (सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के नजदीक) और भैरव मार्ग गेट नंबर-4 से एंट्री मिलेगी. व्यापार मेले की सबसे बड़ी बात यही है कि 40 साल बाद यानी 1979 के बाद मेला परिसर का क्षेत्रफल सबसे ज्यादा होगा. जानकारी के मुताबिक तकरीबन 75,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में मेले का आयोजन हो रहा है. व्यापार मेले से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 14 नवंबर से शुरू होने वाले मेले के अंतिम दिन यानी 27 नवंबर को दर्शकों को मेले में दोपहर 2 बजे तक ही प्रवेश मिलेगा. इसके साथ ही इस दिन 4 बजे तक ही मेला देखने की अनुमति होगी. व्यापार मेले में आने वाले लोग भैरों मार्ग पर बनी पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर सकते हैं. 14 से लेकर 27 नवंबर तक लगने वाले व्यापार मेले में 14 से 18 तारीख तक बिजनेस चेंज होंगे. इसमें आम आदमी की जाने को अनुमति नहीं होगी. इसका मकसद यह है कि बिजनेस से जुड़े लोगों को आम जनता की वजह से दिक्कत पेश नहीं आए. 14 से 19 नवंबर तक आइआइटीएफ के मुताबिक व्यस्क के लिए टिकट का 500 रुपये होगा, जबकि बच्चों का टिकट सिर्फ 150 रखा गया है.

**ONE LINER**

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने किस शहर में केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 का उद्घाटन किया- बेंगलुरु

एफएसएसएआई ने किस रेलवे स्टेशन को 4-स्टार रेटिंग के साथ 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन प्रदान किया है- भोपाल रेलवे स्टेशन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में किस व्यक्तित्व की समृद्धि की प्रतिमा का अनावरण किया- नादप्रभु केम्पेगौड़ा

किसे सर्वसम्मति के साथ आगामी 2 वर्षों के लिए ICC अध्यक्ष के रूप में पुनः निर्वाचित किया गया हैं- ग्रेग बार्कले

किस राज्य में गरीब, पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण को 77 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए एक विधेयक पारित किया गया है- झारखंड

प्रतिवर्ष लोक सेवा प्रसारण दिवस कब मनाया जाता है - 12 नवंबर

स्विट्ज़रलैंड पर्यटन ने भारतीय यात्रियों को देश में स्थानों को प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए किसको अपना ‘ मैत्री राजदूत ‘ नियुक्त किया है - नीरज चोपड़ा

आधार नियमों में संशोधन के अनुसार, सहायक दस्तावेजों को कितने वर्षों में एक बार अपडेट करने की आवश्यकता है- 10 वर्ष

'Indian Biological Data Center' (IBDC) का उद्घाटन किस राज्य में किया गया है- हरियाणा

दुनिया का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र टशीगंग में बनाया गया है, यह किस राज्य में स्थित है- हिमाचल प्रदेश

## QUIZ

1.T20 वर्ल्ड कप 2022 में कौनसी क्रिकेट टीम विजेता रही?

A)भारत
B)इंग्लैंड
C)श्रीलंका
D)पाकिस्तान

2.भारत में '14 नवम्बर' को बाल दिवस पर किनकी जयंती भी मनाई जाती है?

A)जवाहर लाल नेहरु
B)नरेंद्र मोदी
C)अटल बिहारी वाजपयी
D)अरविन्द केजरीवाल

3.भारतीय-अमेरिकी महिला अरुणा मिलर, मैरीलैंड में किस पद को संभालने वाली पहली अप्रवासी बन गई है?

A)प्रधानमंत्री
B)मुख्य मंत्री
C)वित्त मंत्री
D)लेफ्टिनेंट गवर्नर

4.बिहार के किस बिजली संयंत्र को "स्वर्ण शक्ति एवार्ड" दिया गया है?

A)भिलाई बिजली संयंत्र
B)रिहंद बिजली संयंत्र
C)कहलगांव बिजली संयंत्र
D)बदरपुर थर्मल बिजली संयंत्र

5.डायबिटीज (मधुमेह) बिमारी के बारे में जागरूकता फ़ैलाने के लिए 'विश्व मधुमेह दिवस' कब मनाया जाता है?

A)14 सितंबर
B)14 नवंबर
C)14 जून
D)14 अगस्त

6.भारत और कंबोडिया के किस विचारक समूह के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर?

A)सिंक टैंक
B)थिंक टैंक
C)विंक टैंक
D)मिंक टैंक